Regarding need to accord permission for proposed widening of Kolagarh-Bajawala road crossing through FRI (Forest-Research Institute)

campus in Dehradun- Laid

श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह **(**टिहरी गढ़वाल**) :** मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र देहरादून के कौलागढ़ क्षेत्र में वन अनुसंधान संस्थान (एफ आर आई) के हस्तक्षेप के कारण हो रही परेशानियों की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ । कौलागढ़ बाजावाला मार्ग जो कि वन अनुसंधान संस्थान देहरादून की सीमा से लगता हुआ जो आगे राष्ट्रीय राजमार्ग देहरादून पोंटा से जुड़ता है, बहुत ही संकरा है और इसके चौड़ीकरण की मांग कई वर्षों से चली आ रही है । इस मार्ग का प्रयोग कौलागढ़ बाजावाला के अलावा आगे के कई गांव के लोग देहरादून शहर आने जाने के लिए करते हैं । इसके चौड़ीकरण समाधान हेतु प्रांतीय खंड, लोक निर्माण विभाग देहरादून द्वारा प्रस्ताव तैयार किया गया जो कि कौलागढ़ चरखी गेट वन अनुसंधान संस्थान की सुरक्षा दीवार के अंदर से होते हुए (लगभग 1500 मीटर) बाजावाला तक 30 फीट चौड़ा होना प्रस्तावित है लेकिन वन अनुसंधान संस्थान के हस्तक्षेप के कारण अभी तक स्थलीय निरीक्षण नहीं हो पाया । मैं केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री से मांग करती हूँ कि उक्त मार्ग का चौड़ीकरण कराने हेतु संबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें ताकि कौलागढ़ में रोजाना लगने वाले जाम से क्षेत्रवासियों को निजात मिल सके ।